प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 03.08.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री से मुलाकात की।**
- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मातृ शक्ति का सम्मान करने और उन्हें आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करने का आह्वान किया।**
- **राजस्थान को अंगदान के क्षेत्र में बेहतर काम करने और व्यापक जनजागरूकता के लिए दो राष्ट्रीय अवार्ड।**
- **प्रदेश के कई हिस्सों में आज से तेज बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार–भारी बरसात की स्थिति के मद्देनजर 77 बाढ नियंत्रण कक्ष सकिय।**

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान श्री शर्मा ने गृह मंत्री को प्रदेश में किये जा रहे नवाचारों, विकास कार्यो और जनहित की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से भी भेंट की। श्री शर्मा ने उनसे रिफाइनरी और पेट्रोलियम तथा गैस क्षेत्र से जुडी विभिन्न परियोजनाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कल सलुंबर के धोलागढ धाम में श्रावण कुंभ महोत्सव में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार तीर्थ विकास और धार्मिक पर्यटन के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे महाराष्ट्र प्रवास पर है। श्री बागडे ने कल मुम्बई में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट में दोनो ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हमारी सभ्यता का मूल स्तम्भ नारी शक्ति है। वे समाज और राष्ट्र निर्माण की भी धुरी है। सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए। श्री बिरला कल कोटा में सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान श्री बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने क्षेत्र की सैंकडो महिलाओं से राखी बंधवाकर सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है।

000

अजमेर में आज मातृ शक्ति मॉनसून फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने बताया कि इसमें महिलाओं के मनोरंजन की विभिन्न गतिविधियां होंगी। इसके साथ ही उन्हें सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी जायेगी और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। फेस्ट में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजेया राहटकर के भी शामिल होने का कार्यक्रम हैं।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कल जोधपुर में 34 मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की। इस अवसर पर श्री शेखावत ने कहा कि बेटियां नये भारत की शक्ति और प्रेरणा हैं। आज बालिकाएं अपने आत्मविश्वास और मेहनत से सपनों को साकार कर रही है। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 18 महीने में करीब 33 हजार स्कूटियों और साढे दस लाख साईकिलों का वितरण किया है।

000

मेडिकल में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा आयोजित की जा रही है। लगभग ढाई लाख परीक्षार्थी सुबह 9 बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक पारी में ये परीक्षा दे रहे है। यह परीक्षा कंप्यूटर–आधारित है।

0000

आज भारतीय अंगदान दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अंगदान संकल्प की अलख जगाई जा रही है। अंगदान के क्षेत्र में बेहतर काम करने और इस दिशा में व्यापक जन जागरूकता के लिए राजस्थान को दो राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। 15 वें भारतीय अंगदान दिवस की पूर्वसंध्या पर नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने राजस्थान को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया। चिकित्सा शिक्षा सचिव अम्बरीश कुमार और एसएमएस अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक, डॉ. गिरिधर गोयल तथा उनकी टीम ने ये पुरस्कार प्राप्त किया।

0000

अहमदाबाद में आयोजित ट्रेवल एवं टूरिज्म फेस्टिवल में राजस्थान को पर्यटन उत्कृष्टता पुरस्कार मिला है। पर्यटन कला और संस्कृति प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने बताया कि टीटीएफ में डिजाइन और सजावट के लिए राजस्थान को विजेता चुना गया । उन्होंने बताया कि राजस्थान मंडप के 42 निजी क्षेत्र के पर्यटन व्यवसाय से जुडे प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में भाग लिया। श्री यादव ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में राज्य को दुनिया का सिरमोर बनाने की रणनीति कामयाब हो रही है।

0000

प्रदेश के 75 लाख से अधिक किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के रूप में करीब 1600 करोड रूपये की राशि आई है। किसान इसे प्राप्त कर उत्साहित है। नागौर और सवाईमाधोपुर के किसानों ने इसके लिए सरकार का आभार जताया है।

0000

प्रदेश के कई हिस्सों में आज से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी पूर्वी राजस्थान के भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं दक्षिणी और दक्षिणी पूर्वी भागों में भारी बरसात की गतिविधियों में कमी के आसार है। प्रदेश में बीते दिनों हुई भारी बारिश से जलस्त्रोतों में पानी की आवक लगातार जारी है। केन्द्रीय बाढ नियंत्रण कक्ष जिलों और पडोसी राज्यों से लगातार समन्वय बनाये हुए है। राजस्व विभाग की ओर से 41 और जलसंसाधन विभाग के 36 बाढ नियंत्रण कक्ष सकिय हैं। इसके अलावा महत्वपूर्ण बांधों पर बाढ नियंत्रण और गेटो के संचालन के लिए भी कन्ट्रोल रूम बनाये गये है। इस बीच आज भरतपुर, डीग और बांसवाडा में रिमझिम बारिश का दौर चल रहा है। डीग से हमारी संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से लोगों से पानी के अधिक बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की जा रही है।

....

सवाईमाधोपुर में अत्यधिक बरसात के बाद जलभराव से प्रभावित लोगों को प्रशसन की ओर से सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही है। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा ने बताया कि प्रभावितों को निशुल्क ठहरने के लिए सुरक्षित स्थान तथा भोजन के पैकेट दिये जा रहे है।

0000